

# किसान हितैषी योजनाओं के बारे दी जानकारी

**सेंधवा में किया सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम**





**सेंधवा, ( नवभारत )।** सहकारिता के प्रति किसानों और आमजनों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को संस्था जामली एवं संस्था धनौरा में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीजीएम नवीन श्रीवास्तव तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश पाटीदार ने सहकारिता विभाग, सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक की विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं एवं किसान हितैषी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

नवीन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और इसके माध्यम से किसानों को वित्तीय तथा गैर-वित्तीय सेवाएं सरलता से उपलब्ध कराई जाती हैं। हितेश पाटीदार ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ऋण एवं जमा योजनाओं के साथ किसान हितैषी पहलों की जानकारी देते हुए समय पर ऋण पुनर्भुगतान और संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक महेश मुकाती, संस्था प्रबंधक प्रहलाद पंवार, जामली संस्था प्रबंधक राजेश यादव सहित समिति सदस्य और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सहकारिता के सशक्त, पारदर्शी और प्रभावी संचालन के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

> **किसान हितैषी कार्यक्रमों की दी गई जानकारी**
>
> सहकारिता के प्रति किसानों और आमजनों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को संस्था जामली एवं संस्था धनौरा में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीजीएम नवीन श्रीवास्तव तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश पाटीदार ने सहकारिता विभाग, सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक की विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं एवं किसान हितैषी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

# शुभ मुहूर्त में 2 को होगा होली के दांडे का रोपण

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर में होली रंगपंचमी पर्व की तिथियों को लेकर बनारिया धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हाल ही में नियुक्त किए नगर पटेल संजीव सावले, नगर के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ पंडित मंगल महाराज, पंडित अशोक जोशी, पंडित भटू महाराज, पंडित गोपाल महाराज द्वारा पंचांग के माध्यम से तिथि तय की गई। जिसके अनुसार 2 मार्च को डंडा रोपण सुबह 10 बजे मुहूर्त अनुसार किया जाएगा। जिसके बाद होली की पूजा की जाएगी। होलिका दहन 3 मार्च सुबह 5.30 को किया जाएगा। रंग पंचमी 8 मार्च को किया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, पार्षद, देवा महाजन, सतिलाल मराठे व वरिष्ठजन एवं नगरवासी मौजूद रहे।

> **तिथियों को लेकर बैठक का किया आयोजन**
>
> होली रंगपंचमी पर्व की तिथियों को लेकर बनारिया धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया।



## एक नजर में

### शुभम् जाट को किया सम्मानित



**बड़वानी।** ऑल इंडिया फेशन एसोसिएशन व हिन्दुस्तान बियर्ड हब द्वारा आयोजित कार्यक्रम मुंबई में ब्रो बियर्ड एंड माउसटेच के मेंबरों ने भाग लिया। जिसमें बड़वानी से शुभम् जाट ने हिस्सा लेकर क्रांतिकारी जननायक टांटिया मामा शानदार प्रस्तुति दी। जिसने सभी का दिल जीता। उन्हें सर्टिफिकेट, शील्ड देकर सम्मानित किया। यह सम्मान चार्ल्स विलियंस (संस्थापक आईआईएफ) शिवाय सिंघ परमार (संस्थापक एचबीसी) दिल्ली मॉडलिंग स्कूल ने दिया। कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई चर्चित सितारे, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, फैशन डिज़ाइनर एवं कोरियोग्राफर मौजूद थे।

# नंदराम कुशवाह बने समाज अध्यक्ष

**बड़वानी, ( नवभारत )।** क्षत्रिय कुशवाह समाज की स्थानीय इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की।



कार्यक्रम की शुरुआत में मोगरे ने ग्राम इकाई के विभिन्न पदों और उनके कर्तव्यों के बारे में समाज को विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी एवं अन्य पदों के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। अध्यक्ष नंदराम कुशवाह को बनाया गया। उपाध्यक्ष शोभाराम जिराती एवं राजाराम कुशवाह, सचिव कमल गनवानी, सह. सचिव संजय मोतीलाल एवं हीरालाल कुशवाह तथा कार्यकारिणी में अन्य सदस्य भी शामिल किए गए हैं। समाजजनों ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

# महिला संगठन ने मनाया फाग उत्सव

**राधा-कृष्ण के वेश में फूलों से खेली हर्षोल्लास के साथ होली**

**बड़वानी, ( नवभारत )।** श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला संगठन द्वारा समाजजनों के सहयोग से फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अभिलाषा भरत सोनी एवं सह प्रभारी संगीता श्याम सोनी द्वारा संपूर्ण रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने श्री राधा वल्लभ लाल के भजन-कीर्तन कर आरती की।

इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। राधे कृष्ण संग फूलों से होली खेलकर हर्षोल्लास से फाग उत्सव मनाया। संगीता श्याम सोनी और प्रीतिबाला राजकुमार सोनी द्वारा विशेष आकर्षण में राधा कृष्ण स्वरूप लिया गया।



## भाकिसं ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**बड़वानी।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के बैनर तले शुक्रवार को कलेक्टर के नाम एक सौंपा गया। भाकिसं पदाधिकारियों ने बताया कि अंजड़ के ग्राम भमोरी के किसान मोहन परमार पिता हीरा परमार 25 फरवरी को 25 क्विंटल लौकी व्यापारी विष्णु दरबार निवासी मण्डवाड़ा को विक्रय की थी। व्यापारी ने बोरलाय के व्यापारी द्वारा मनोज, अशोक पिता पन्नालाल बर्फा को बेच दी गई। मनोज किसान के खेत से लौकी की 100 पन्नी लगभग 25 क्विंटल वाहन में लोड कराने गया। जहां हम्मालों को लेकर गाड़ी में 100 पन्नी लोड करने के बाद माल हल्का बताकर वापस खाली करने लगा। जिस पर किसान ने उसे खाली करने से मना किया। साथ ही कि यदि माल हल्का था, तो पूरा माल लोट नहीं करना था। इसके बाद किसान ने मण्डवाड़ा व्यापारी विष्णु दरबार से फोन पर बात की और कहा कि आपका और मेरा सौदा है। यह लोड किए हुए माल को वापस खाली कर रहा है। जिसके कारण माल डैमेज होगा और गुणवत्ता भी खराब होगी। किसान ने बताया कि व्यापारी विष्णु द्वारा मेरी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, तो मनोज व्यापारी और किसान मोहन के बीच कहा-सूनी हुई। जिसके बाद वाहन से पूरा माल वापस खाली कर दिया गया, फिर किसान को बोरलाय व्यापारी ने अपनी दुकान बुलाया, जहां उस पर जान लेवा हमला करते हुए सिर में लट्ठ मार दिया। किसान जान बचाकर भागते हुए अंजड़ थाने पर गया और एफआईआर दर्ज कराई। उक्त जानकारी देते हुए भाकिसं जिलाध्यक्ष भगवान पटेल एवं जिला मंत्री कमल तोमर ने बताया कि इसके बाद किसान ने संघ को अपने साथ हुई पूर घटना से अवगत कराया। साथ ही उसके द्वारा मदद की गुहार भी लगाई गई। इस संबंध में भारतीय किसान संघ कलेक्टर से आग्रह करता है कि ऐसे व्यापारी पर तुरन्त कार्रवाई की जाए। किसानों के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार भारतीय किसान संघ कई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## एक नजर में

### राजपूत समाज की महिलाओं ने मनाया फागोत्सव, सूखे रंगों और फूलों से खेली होली




झाबुआ। अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना महासभा की झाबुआ इकाई की क्षत्राणियों ने सिद्धेश्वर कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वरी माता मंदिर पर फागोत्सव मनाया। सभी ने सर्वप्रथम माता का पूजन करने के पश्चात एक-दूसरे को गुलाल लगाया।फूलों की वर्षा की। बाद सुमधुर भजनों के साथ सभी बहनों ने सुंदर नृत्य और गरबे किए।

इस अवसर पर वीरांगना महासभा जिलाध्यक्ष रागिनी राठौर के विशेष आग्रह पर स्मृति भट्ट को आमंत्रित किया गया। सबने मिलकर बहुत धूमधाम से फागोत्सव मनाया। इस अवसर पर संस्था की जिला उपाध्यक्ष ममता जादौन एवं अनीता पंवार, जिला सचिव नीतू सिकरवार, जिला सह-सचिव भारती राठौर, जिला कोषाध्यक्ष सपना पंवार, संगठन मंत्री बीना गेहलोत एवं श्वेता राठौर, मीडिया प्रभारी भावना गहलोत आदि उपस्थित थी। माता के आंगन में खेले गए इस फागोत्सव में कन्याओं और बालकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रणछोड़राय मन्दिर भजन मण्डल द्वारा स्व. कोठारी को दी गई श्रद्धांजलि



आलीराजपुर नि.प्र.। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सुभाषचन्द्र केशवलाल कोठारी के प्रभुमिलन होने पर उनके निवास पर शोक बैठक में गुरूवार रात्रि रणछोडराय मन्दिर भजन मण्डल एवं भक्तमण्डल द्वारा श्रद्धांजली स्वरूप भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन मण्डल ने भजन के द्वारा श्रद्धांजली देते हुए कहा कि सुभाषचन्द्र कोठारी रणछोड़राय मन्दिर के परम भक्त थे व हमेशा धार्मिक व सामाजिक कार्यो में गहरी रूचि रखते थे।

### स्वीगी डाइनआउट ने एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा

**इंदौर.** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने स्विगी डाइनआउट के लोकप्रिय ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) 2026 की लॉन्च की घोषणा की है. जीआईआरएफ 2026 के आधिकारिक एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा गया है, जिसमें बीबी की वाइन्स की लोकप्रिय दुनिया को भारत के सबसे बड़े डाइनिंग फेस्टिवल से जोड़ा गया है.

# राणापुर : गच्छाधिपति के आशीर्वाद से 'युगोत्सव' की धूम; सालेचा परिवार के निवास पर गूंजे गुरु भक्ति के स्वर

**राणापुर। वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी महाराज साहेब एवं आचार्य श्री जयरत्न सूरीश्वर जी महाराज साहेब की पावन प्रेरणा से, युगप्रधान आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराज साहेब के 200वें जन्मोत्सव को अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद् द्वारा 'युगोत्सव' के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।**

परिषद् के ललित जैन ने बताया कि इसी श्रृंखला के अंतर्गत आज गुरुवार को स्थानीय श्री जयप्रकाश जी सालेचा के निवास स्थान पर भव्य भक्ति आराधना का आयोजन किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें श्वेतांबर जैन समाज के साथ-साथ नगर के अग्रवाल समाज एवं पोरवाल समाज के गणमान्य सदस्यों ने भी सपरिवार उपस्थित होकर सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की।

**श्रद्धा और भक्ति का संगम**-शाम 7:30 बजे से आयोजित इस आराधना में सामूहिक रूप से महामंत्र नवकार का जाप किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ गुरु मंत्र और गुरु गुण इक्कीसा का पाठ किया। अंत में भावपूर्ण गुरु आरती उतारकर सभी ने धर्म लाभ लिया।

> **हर गुरुवार घर-घर गूंजती है गुरु महिमा**
>
> ललित जैन ने आगे जानकारी दी कि परिषद् द्वारा गुरुदेव के इस ऐतिहासिक 200वें जन्म वर्ष को यादगार बनाने के लिए प्रति गुरुवार समाज के अलग-अलग परिवारों के निवास स्थान पर इस विशेष भक्ति आराधना का आयोजन किया जा रहा है, ताकि गुरुदेव के सिद्धांतों और भक्ति का प्रसार घर-घर तक हो सके।
>
> **आभार प्रदर्शन**-कार्यक्रम के सफल समापन पर श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद्, शाखा राणापुर एवं श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय ने सालेचा परिवार का सप्रेम आभार व्यक्त किया। साथ ही, पधारे हुए अग्रवाल एवं पोरवाल समाज के सभी अतिथियों और धर्मप्रेमी जनता का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




# आजाद साहित्य परिषद् ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**झाबुआ।** अमर बलिदानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर जिला आजाद साहित्य परिषद् के साहित्यकारों द्वारा आजाद चौक पर आजाद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा, आजाद तेरा नाम रहेगा' के नारे लगाए। कार्यक्रम में साहित्यकार प्रकाशचंद्र त्रिवेदी, अन्नू भाबोर एवं स्मृति भट्ट द्वारा भावभरे गीत प्रस्तुत किए गए। संस्था सचिव शरत शास्त्री एवं अध्यक्ष डॉ. केके त्रिवेदी द्वारा अमर बलिदानी के कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर, संस्था के संरक्षक वीरेन्द्र मोदी, डॉ. यशवंत भंडारी, डॉ. नीरजसिंह राठौर, डॉ. एमएल फूलपगारे, जयेंन्द्र बैरागी, कुलदीपसिंह पंवार, गोपालसिंह चौहान, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, पीडी रायपुरिया, भेरूसिंह चौहान 'तरंग', प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष ललित त्रिवेदी, अरविन्द व्यास, मधु व्यास, मयंक त्रिवेदी आदि ने भी आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ललेड़ीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की योजना नहीं

**परियोजना को महापौर ने रोकने के दिए निर्देश**

**इंदौर. वर्ष 2017 में इंदौर के ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने को लेकर बार-बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की किसी भी योजना में ललेडीपुरा और आसपास के गांवों में स्लॉटर हाउस बनाने का कोई विचार नहीं है.**



महापौर ने कहा, हमारे पास स्थानीय गोपालकों और गांववासियों से इस विषय पर जानकारी आई है, और मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की नगर निगम की कोई मंशा नहीं है. महापौर ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे और अब फिर से सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में स्लॉटर हाउस का निर्माण नहीं किया जाएगा. महापौर ने आगे कहा, वर्ष 2017 में तत्कालीन समय में इस परियोजना को लेकर अनुमति और कार्रवाई की गई थी, लेकिन मैं अब इस निर्णय को निरस्त करने के निर्देश दे चुका हूं.

# कलेक्ट्रेट इंदौर पर किसानों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

**कलेक्टर के आश्वासन के बाद माने किसान**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में पूर्वी रिंग रोड और इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना के किसानों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया. इस दौरान किसानों हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी कर चार गुना मुआवजा और सड़क का अलॉयमेंट बदलने की मांग कर रहे थे.**





इंदौर प्रस्तावित 164 किलोमीटर के पूर्वी रिंग रोड और इंदौर मनमाड़ रेल परियोजना में किसानों की हजारों हेक्टेयर जमीन ली जा रही है. जमीन के बदले किसानों को कलेक्टर गाइड लाइन का मुआवजा देने का प्रस्ताव तय है. पूर्व में किसान संघ के साथ प्रदर्शन में झूठा आश्वाशन मिलने की बात पर भी किसान नाराजगी जाहिर कर रहे थे. उनका आरोप था कि ग्रीन फील्ड कॉरिडोर वालों को चारगुना मुआवजा और विकसित जगह दी जाएगी. उक्त विरोधाभास को लेकर आज 44 गांव के सैंकड़ों किसान कलेक्टर कार्यालय पर पहुंचे और कपड़े उतारकर परिसर में अर्धनग्न होकर धरने पर बैठ गए. किसानों ने हाथों में तख्तियां ले हुई थी, जिस पर किसानों पर अन्याय करना बंद करो और उपजाऊ जमीन लेना बंद करो के नारे लगाए गए.

> **दो किसान हुए बेहोश**
>
> इस दौरान प्रदर्शन करते हुए दो किसान गर्मी तेज होने बेहोश हो गए. बेहोश हुए किसानों ने इलाज लेने मना कर दिया. इतना ही नहीं एसडीएम के पानी पिलाने और अन्य व्यावस्थाओं को ठुकरा दिया. किसानों ने कहा कि हम 5 सौ लोगों का खाना पीना साथ लाए हैं, आपकी मदद नहीं चाहिए. जब किसान नहीं माने तो कलेक्टर शिवम वर्मा, एसडीएम घनश्याम धनगर के साथ किसानों के बीच पहुंचे. कलेक्टर के सामने किसानों ने दो मांग रखी. पहली पूर्वी रिंग रोड का अलॉयमेंट बदला जाए और दूसरा जमीन का मुआवजा चार गुना दिया जाए, कलेक्टर गाइडलाइन का स्वीकार नहीं है. किसानों की मांग सुनने के बाद कलेक्टर वर्मा ने मुआवजा बढ़ाकर ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के समान दिलाने का आश्वासन दिया. वहीं सड़क के अलॉयमेंट बदलने की मांग शासन को भेजने का खाते हुए बताया कि अलॉयमेंट बदलने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है. कलेक्टर की बात से सहमत होकर किसानों ने प्रदर्शन खत्म किया.